<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

इरेडा ने हरित ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता के अंतर्गत महिलाओं के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए ग्रीन ऊर्जा अवॉर्ड में सिल्वर जीता



नई दिल्ली, 4 फरवरी, 2026

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज नई दिल्ली में इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित छठवें हरित ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता अवॉर्डस् में "हरित ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता के अंतर्गत महिलाओं के क्षेत्र में उत्कृष्टता अवॉर्ड" श्रेणी के तहत सिल्वर अवॉर्ड जीता।

यह पुरस्कार श्री अनिल राजदान, पूर्व सचिव (विद्युत) और अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा प्रदान किया गया और इरेडा की ओर से श्रीमती माला घोष चौधुरी, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) सुश्री दुर्रे शाहवार, महाप्रबंधक (मानव संसाधन); श्रीमती पुन्नू ग्रोवर, मुख्य अनुपालन अधिकारी, और अन्य महिला अधिकारियों के साथ इसे प्राप्त किया।

इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए, इरेडा के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा, "यह सम्मान एक सहायक और समावेशी कार्यस्थल बनाने के लिए इरेडा के निरंतर प्रयासों को दर्शाता है, जहां महिला पेशेवरों को भारत की स्वच्छ ऊर्जा यात्रा में सार्थक रूप से बढ़ने और योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। लगभग 23 प्रतिशत महिला कर्मचारियों के साथ, जो अन्य सार्वजनिक उपक्रमों के मुकाबले सबसे अधिक है, साथ ही इरेडा को दृढ़ विश्वास है कि महिलाओं को सशक्त बनाना एक मजबूत और भविष्य के लिए तैयार स्वच्छ ऊर्जा इकोसिस्टम के निर्माण हेतु अति आवश्यक है।



इरेडा के सीएमडी ने माननीय केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री; माननीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री; सचिव, एमएनआरई; निदेशक मंडल; और सभी हितधारकों को उनके निरंतर मार्गदर्शन और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया।